## न्यूज ब्रीफ

### पुस्तक विमोचन आज

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे संस्था के सभागार में जनपद की वरिष्ठ साहित्यकार सीमा गुप्ता असीम द्वारा रचित गीत संग्रह "प्रिय मुझे पहचान लेना" का विमोचन किया जाएगा।

### किशोरी लापता, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र निवासी किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 16 वर्षीय पुत्री 28/29 अप्रैल की रात से लापता है। उसने पुत्री को काफी तलाश किया तो पता चला मझिला थाना के ग्राम अंयारी निवासी परमजीत पुत्र गोकरन पुत्री को फुसला कर भगा ले गया है। मझिला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुनीत कुमार के अनुसार वह गुरुवार की शाम शाहाबाद से घर जा रहा था। हिरौली कुतुबनगर मोड़ पर गांव निवासी सत्यवीर ने धनवीर, बंटे और शिवम के साथ मिलकर उसे घेर लिया और लाठी डंडो से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार को टक्कर मारकर बाइक पर पलटा डंपर, 2 की मौत व 4 घायल

## मरने वालों में एक कार व दूसरा बाइक सवार शामिल, घायलों का चल रहा इलाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे कार सवार लोगों को टक्कर मारने के बाद तेज़ रफ्तार डंपर सामने से आ रही बाइक पर गिर पड़ा। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए, वहीं बाइक सवार युवक की डंपर के नीचे दबकर मौत हो गई।

कोतवाली शहर के शहाबुदीनपुर निवासी रामरहीस (45) पुत्र हरीबक्श शुक्रवार को अपने फुफेरे भाई शिवकुमार की बारात में साण्डी गया था। शनिवार को भोर पहर तकरीबन 3:45 बजे अपने 13 वर्षीय पुत्र शोभित, 19 वर्षीय चचेरे भाई शैलेंद्र पुत्र सोने लाल और 30 वर्षीय बहनोई अरुण पुत्र सुरेश निवासी नयागांव थाना मैगलगंज लखीमपुर खीरी के साथ कार से वापस गांव लौट रहा था। उनकी कार साण्डी रोड पर शारदा नहर पुल पार करते हुए जैसे मन्नापुरवा के पास पहुंची, उसी बीच तेज़ रफ्तार डंपर ने उसमें टक्कर मारी और बेकाबू हो कर बिलग्राम से अपने दोस्त की शादी से लौट रहा 18 वर्षीय आशीष शर्मा पुत्र माता प्रसाद निवासी चंदौबेंचे मजरा श्रीमऊ थाना अरवल की बाइक पर गिर पड़ा, जिससे उसकी डंपर के नीचे दब गया और उसने वहीं पर दम तोड़ दिया। उधर कार सवार रामरहीस की भी वहीं पर मौत हो गई, जबकि उसके बेटे, चचेरे भाई, बहनोई और कार ड्राइवर 20 वर्षीय अनुपम को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से शोभित को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलपेर पर पहुंची पुलिस ने राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। शवों को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



रामरहीस व आशीष की फाइल फोटो।

### क्रेन से डंपर को हटाकर निकाला गया शव

हादसे की खबर पर पहुंची पुलिस ने डंपर के नीचे दबे बाइक सवार के शव को निकालने के लिए दमकल कर्मियों को बुलाया। पुलिस ने सबसे पहले हादसे में घायल कार सवार लोगों को एम्बुलेंस-108 से इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। इसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने क्रेन की मदद से डंपर को ऊपर की तरफ खींचा। तब कहीं जाकर उसके नीचे दबे बाइक सवार आशीष शर्मा का बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



हादसे के बाद रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

### दोस्त की शादी में शामिल होने को मुजफ्फरपुर से आया था आशीष

**हरदोई।** जैसा कि बताया गया है कि साण्डी रोड पर मन्नापुरवा के पास हुए हादसे में जान गंवाने वाला आशीष अपने दो भाई और दो बहनों में छोटा था, वह मुजफ्फरपुर की एक पेपर मिल में नौकरी करता था, शुक्रवार को उसके दोस्त की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह छुट्टी ले कर गांव आया हुआ था।

### तिनके की तरह बिखर गया परिवार

**हरदोई, अमृत विचार।** मेहनत-मज़दूरी कर अपने बच्चो का पेट पाल रहे रामरहीस की मौत से उसका घर-परिवार तिनके की तरह बिखर गया। दो बेटों के अलावा चार बेटियां है, जिसमें से एक बेटी की उसने शादी की, जिसका कर्ज़ अभी पूरा तरह से अदा भी नहीं हो पाया था। पति के न रहने के बाद उसकी पत्नी रामदुलारी बच्चों की परवरिश को लेकर उलझी हुई है।

# बरात से लौट रहे दूल्हे के दोस्त की सड़क हादसे में मौत, चाचा घायल

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** दोस्त की बरात में शामिल होने के बाद अपने चाचा के साथ बाइक से लौट रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में युवक की मौत हो गई जबकि उसके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस हादसे का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

कोतवाली देहात के बोझवा पुरवा निवासी 23 वर्षीय अनुज पुत्र अर्जुन लाल लुधियाना में नौकरी करता था। वह 15 दिन पहले वह अपने दोस्त अमरकांत पुत्र रमाकांत की शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। शुक्रवार अमरकांत की बारात बेनीगंज कोतवाली के जसमई गई हुई थी। अनुज अपने 30 वर्षीय चाचा छोटू पुत्र कमलू के साथ बारात के साथ बाइक से जसमई गया था। उसके छोटे भाई राजीव ने बताया कि देर रात को अनुज चाचा छोटू के साथ वापस घर लौट रहा था। रास्ते में बेनीगंज कोतवाली के नयागांव के पास वह बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गया। गश्त कर रही पुलिस ने दोनों को सड़क पर पड़ा हुआ देखा और सीएचसी कोथावां पहुंचाया, जहां पहुंचते ही अनुज की मौत हो गई। जबकि छोटू का इलाज चल रहा है। राजीव ने बताया कि दो भाइयों में अनुज बड़ा था, मां और पिता की पहले ही मौत हो गई थी।



अनुज की फाइल फोटो।

### हादसा करने वाले कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के उधरनपुर में 25 अप्रैल को बाइक से जा रहे परिवार को टक्कर मारकर घायल करने वाले कार चालक के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। घायल के भाई राम रहीस निवासी बवकक्लपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर के अनुसार उसका भाई प्रमोद पत्नी सोनम और बच्चे सूरज और बेबी के साथ बाइक से 25 अप्रैल को शाहाबाद जा रहा था। उधरनपुर के निकट तेज रफ़्तार कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह चारों घायल हो गए। घायलों का हायर सेंटर शाहजहांपुर में उपचार चल रहा है।





राहगीरों को ठंडा पानी पिलाता युवक। अमृत विचार

### जल सेवा केंद्र ने राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) हरदोई की ओर से बिलग्राम के मुख्य चौराहे पर जल सेवा केंद्र लगाया गया। इस पहल के तहत राह चलते लोगों को ठंडा और स्वच्छ पानी पिलाया गया, जिससे लोगों को तेज धूप में बड़ी राहत मिली। इस दौरान पिंटू और बबलू सहित एनसीसी के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए राहगीरों को पानी वितरित किया। चौराहे से गुजरने वाले यात्रियों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों ने इस सेवा की सराहना की और इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

# जर्जर तार व बदहाल विद्युत आपूर्ति पर आक्रोश

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन में विद्युत समस्या को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज व ग्रामीणों ने पॉवर हाउस जखवा पर धरना दिया। कहा कि भरावन में विद्युत व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया देवकली, हाजीपुर, कूड़ा, शिवपुरी, गौढी, रामपुर, बल्लूपुर, श्यामदासपुर, देवरी, जाजूपुर, बहेरिया, गौरि कला, कुम्हारन खेड़ा में एचटी लाइन जर्जर है। बसहिया में एक, देवरी में दो, हाजीपुर में दो, गौढी में एक, लालपुर फाटक में एक ट्रांसफार्मर कही एक साल से तो कहीं कई दिनों से खराब पड़े है और गौढी से रामकोट तक 11 हजार एचटी लाइन में लटक रहे तार मुसीबत के सबब बने हुए हैं। भटपुर नेवादा सम्पर्क मार्ग से रामानुज के घरों के ऊपर से लाइन गई है, कई हादसे हो चुके हैं लेकिन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। लक्ष्मणपुर, गौढी, शिवपुरी और रामपुर में विद्युत पोल टूटे पड़े हैं। भाकियू के जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि ओल्ड फीडर भरावन में 85 गांव हैं, जहां के लिए दो लाइनमैन हैं, एक बढ़ाया जाए और गांवों को कम करके नये फीडर में जोड़े जाए। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया पॉवर हाउस जखवा पर जेई के संरक्षण में आये दिन कनेक्शन को लेकर घपलेबाजी की जा रही है। 6 घंटे चले धरना प्रदर्शन में एसडीओ संडीला नें आकर ज्ञापन लिया। एसडीओ संडीला राजीव कुमार ने बताया कि समस्याओ से सम्बंधित ज्ञापन ले लिया है 7 से 10 दिवस में सभी समस्याओ की जांच करते हुये कार्य पूर्ण कराया जाएगा। धरना प्रदर्शन में भाकियू सर्व समाज प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष शिव लाल मौर्य, मालिक शुक्ला, गुलाब तिवारी, विमलेश तिवाई, राहुल कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।



विद्युत समस्याओ को लेकर धरना प्रदर्शन करते भाकियू और ग्रामीण। अमृत विचार

### मुंडन संस्कार में गई युवती लापता, रिपोर्ट

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बेहटा बुजुर्ग से 22 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, राधेलाल की पुत्री साधना 29 अप्रैल को परिवार के ही एक कार्यक्रम मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए राजघाट गंगा तट गई थी, जिसके बाद से वह लापता हो गई। युवती के अचानक गायब होने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। गुरुवार को थाना बिलग्राम पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द युवती को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

# 105 में से 7 का मौके पर निस्तारण

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना रहा। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, उपजिलाधिकारी एन. राम, क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। अमृत विचार

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़
- डीएम व एसपी ने जन सुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश



सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त शिक्षक- शिक्षिकाएं सम्मानित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले नौ शिक्षक-शिक्षकाओं सहित एक शिक्षामित्र के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशीष सिंह आशू की माता विमला देवी ने सेवानिवृत शिक्षकाओं में चंद्र कांति, मिथिलेश कुमारी, सरोज कुमारी, कुसुम देवी, मुन्नी देवी, चंद्रावती, मुन्नी देवी, शिक्षक धीरेंद्र कुमार, कृष्ण कन्हैया और शिक्षामित्र सुधा मिश्रा को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र, स्मृति किट भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल चलो अभियान, शिक्षक उन्नयन संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सुनीता त्यागी ने कहा की जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शिक्षकों के सम्मान व उनकी सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड मल्लावां के अध्यक्ष सुबोध वर्मा व महामंत्री प्रेमशील पांडेय कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने किया।

### बाइक से टकराकर वृद्ध की मौत, युवक घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** बुज़ुर्ग को टक्कर मारते हुए तेज़ रफ्तार बाइक सवार खाई में जा गिरा। हादसे में बुज़ुर्ग और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। मेडिकल कालेज भेज से रेफर किए जाने पर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई। हरपालपुर थाने के मलौथा निवासी 60 वर्षीय रामसागर शुक्रवार को हरपालपुर-अर्जुनपुर रोड पर मौरंग-गिट्टी खरीदने जा रहा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक उसे टक्कर मारते हुए खाईं में जा गिरी, हादसे में रामसागर और पाण्डेय पुरवा निवासी बाइक सवार सोहित पुत्र बलेश दोनों घायल हो गए। बाद में रामसागर की मौत हो गई।



रामसागर की फाइल फोटो।

# पगड़ी खींचने पर सिख समाज में रोष

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने सिख समुदाय के दो लोगों के साथ मारपीट की और उनकी पगड़ी खींची। जिससे नाराज सिखों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम निल्या शिवनगरी निवासी लवप्रीत सिंह पुत्र बूटा सिंह ने मामा लवजीत सिंह पुत्र दसिदा सिंह निवासी ग्राम सराय रानक मंझिला के साथ पाली से भूसा बनाकर ट्रैक्टर ट्राली और रेफर मशीन लेकर वापस हो रहा था। ग्राम भुप्पा पुरवा के पास सुरेश की लड़की की बारात थी और बीच रास्ते में डीजे बज रहा था। पीड़ित ने बताया उसने जब रास्ता देने के लिए कहा तो भूरे, रामनरेश, व्यास मुनि, संजीव और बल्लू तथा 10- 12 अन्य लोगों द्वारा मामा लवजीत को मारा पीटा और गाली गलौज कर ट्रैक्टर की सारी लाइटें तोड़ दीं और दस हजार की नकदी, ट्रैक्टर में रखी तलवार भी दबंग उठा ले गये। दबंगों ने उसके मामा की पगड़ी, बाल और कटार की बेइज्जती की। आरोप है कि जब मंझिला थाने में प्रार्थना पत्र दिया मझिला पुलिस सुलह करने का दबाव बना रही है इसी से नाराज होकर शनिवार को दोपहर 12:00 बजे बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और यहां पर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।





शाहाबाद क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर मौजूद सिख समुदाय के लोग। अमृत विचार

- क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

# युवक और अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** दो अलग-अलग क्षेत्रों में युवक और अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेहटा गोकुल थाने के आदर्श पुरवा मजरा खनिगवां निवासी छोटेलाल का 24 वर्षीय छोटा बेटा अवधेश हिमांचल प्रदेश के बद्दी की टेक्सटाइल मिल में नौकरी करता था। बड़े भाई ब्रजेश ने बताया कि अवधेश 30 अप्रैल को गांव आया था। शुक्रवार की रात उसने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। आधी रात ब्रजेश की पत्नी अपने बच्चे के रोने पर नींद से जागी। उसने देखा कि अवधेश के कमरे में मोबाइल की टार्च जल रही थी। उसने खिड़की से झांका तो अंदर अवधेश का शव लटक रहा था। पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। जांच के लिए उसका मोबाइल कब्ज़े में ले लिया। अवधेश की शादी नवंबर में मझिला थाने के चठिया धनवार से तय थी।

वहीं टड़ियावां थाने के बौठा गांव निवासी रामकुमार (50) खेती-बाड़ी करता था। परिवार में दो बेटे विमलेश और कोमल है, पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। शुक्रवार की सुबह रामकुमार खेत पर गया था। भाई रामेंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर में गांव के बच्चे गांव के उत्तर बालक पाल के बाग में राम कुमार का शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ देखा। परिजनों के अनुसार पत्नी के न रहने के बाद से रामकुमार अकेला पड़ा गया था। छोटी-छोटी बात पर वह तनाव में आ जाता था। उसी के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

**आयोजन** | पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

# खेल प्रतियोगिताओं से निखरतीं हैं युवा प्रतिभाएं

संवाददाता, शाहाबाद,हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम नवीपुर के क्रिकेट मैदान पर आयोजित ब्लेज बाउंड्री बेस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन शनिवार को पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बब्बू ने स्वयं मैदान में उतरकर प्रथम गेंद खेलकर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की।

पूर्व विधायक बब्बू ने कहा क्षेत्रीय खेलों का आयोजन केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं होता बल्कि इन खेलों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभाएं निखरती हैं, साथ ही, यह स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है। इसलिए हमें क्षेत्रीय खेलों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि हमारे युवाओं का सर्वांगीण विकास हो और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहे। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग लिया है। शुभारंभ के अवसर पर जमुरा क्रिकेट क्लब और टुमुर्की क्रिकेट क्लब की टीमों के मध्य निर्धारित 12 ओवरों के मैच में जमुरा क्लब के 104 रनों के जवाब में टुमुर्की क्लब के खिलाड़ी मात्र 89 रन ही बना सके और जमुरा क्रिकेट क्लब ने 15 रनों से जीत हासिल की। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व प्रधान तौकीर, प्रधान अनिल, प्रधान मोनिश, पूर्व प्रधान कासिब, आफताब, दिलावर खां, शाबान आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



फीता काट कर शुभारंभ करते पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू।

### काली पट्टी बांधकर बैंक कर्मियों ने जताया विरोध

**हरदोई, अमृत विचार।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शनिवार को बैंक कर्मियों एवं अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने तथा प्रॉफिट लिंक्ड इंसेंटिव में भेदभावपूर्ण व्यवस्था के विरोध में अपना प्रतिरोध दर्ज कराया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के स्थानीय संयोजक, आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोशिएशन के नेता राकेश पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि नवंबर 2023 में भारतीय बैंक संघ द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग पर सहमति के बावजूद इसे लागू न किया जाना तथा पीएलआई के संबंध में एकतरफा और भेदभावपूर्ण निर्णय थोपना कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अन्याय है।

# मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** दिलेर गंज माता मनोकामना मंदिर में तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना कार्यक्रम बड़ी धूम धाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर माता मनोकामना नवदुर्गा मंदिर पर राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापना की गई।

प्रथम दिवस कलश यात्रा नर्मदा तीर्थ से माता मनोकामना नवदुर्गा मंदिर संगत पर ढोल नगाड़ों से मंदिर प्रणाग पहुंची। तत्पश्चात मूर्ति पूजन नैमिष शरण से आये आचार्य ब्रजकिशोर दीक्षित द्वारा जलाधिवाश, अन्नवाश, दुग्धवाश, के पश्चात पूजन हुआ। द्वितीय दिवस फलादिवाश, पुष्पवाश, मिष्ठान वाश और शयन वाश सम्पन्न हुआ। तृतीय दिवस मूर्ति भ्रमण यात्रा सुबह 8 बजे कौशल्या मंदिर, शिवाला मंदिर, सत्संग भवन मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर , शिव मंदिर रंग गुलाल और ढोल नगाड़ों के साथ माता मनोकामना मंदिर पहुंचे उसके पश्चात मूर्ति स्थापना हुई। 56 भोग प्रसादी के साथ कढ़ी-चावल का भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात में गोगिया पार्टी शाहजहांपुर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई जिसमें मेहमान कलाकारों ने एक से एक बेहतरीन भक्ति गीत प्रस्तुत किये। पूरी रात भक्त थिकरते हुए देखे गए। अंत में फूलों की होली खेली गई।



मंदिर में स्थापित राधा कृष्ण की मूर्ति।

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन शक्ति: महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

**सिधौली/सीतापुर।** शासन की मंशा के अनुरूप संचालित 'मिशन शक्ति' अभियान के पांचवें फेज के द्वितीय चरण के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। कस्बे के डाकघर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। महिला आरक्षी कीर्ति गुप्ता, पूजा, सुमन प्रजापति और ऊषा ने डाकघर पहुंची महिलाओं व बालिकाओं को महिला सहायता के लिए जारी टोल-फ्री नंबरों (1090, 112, 181) की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के चड़रा और भुड़िया गांव के बीच शनिवार को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से खलबली मच गई। शव काफी क्षत-विक्षत अवस्था में पोल संख्या 53/13 के पास बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने मौके का मुआयना किया। इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया बुजुर्ग की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई प्रतीत हो रही है। मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष है, पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मृत्यु के कारणों को जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सिधौली/सीतापुर।** सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना सिधौली कस्बे के डाक बंगला के समीप घटित हुई। हादसे में बाइक सवार अनुज यादव निवासी मड़िया खेरा थाना संदना घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया है।

### खड़ंजा न होने से आवागमन दूभर, वादा-खिलाफी का आरोप

**खैराबाद।** विकास खंड खैराबाद की भीमरी ग्राम पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर गांव में विकास कार्य ठप होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार पर वादा खिलाफी और निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सर्वेश मिश्रा के घर से लेकर गांव के बाहर राम सहाय भार्गव के घर तक आरसीसी सड़क बनवाने का वादा किया गया था, जो पांच साल बीतने के बाद भी अधूरा है। आरोप है कि सफाई कर्मी की अनुपस्थिति के कारण रास्तों पर गंदगी के अंबार लगे हैं। राम खेलावन, कल्लू भार्गव, प्रमोद, अमरसिंह और सुरेंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

### सही पोषण देश रोशन का दिया संदेश

**सांडा/ सीतापुर।** जिलाधिकारी राजा गणपति आर. की पहल पर टीकाकरण के प्रति जन-विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खण्ड सकरन के ग्राम पंचायत सांडा में विशेष सत्र का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोपालपुर में आयोजित इस वीएचएसएनडी दिवस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कय्यूम अंसारी की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सेविका सुभाषिनी वर्मा ने सही पोषण देश रोशन विषय पर चर्चा की। उन्होंने लाभार्थियों से मिलने वाले पोषाहार के वितरण की जानकारी ली इस अवसर पर एएनएम रंजीता राय, संगिनी रानी मिश्रा, आशा धनेश्वरी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी रावत और सहायिका सुशीला आदि थीं।

# साहब! आवास दिला दो बच्चे बारिश में भीगते हैं

## सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

आवास की समस्या तो कहीं भ्रष्टाचार के आरोप

- पीड़िता एडीएम के समक्ष रोई लगाई मदद की गुहार

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार:** जनपद की सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस के दौरान आवास की समस्या के अलावा चकमार्गों की शिकायतें आईं, उधर महमूदाबाद में सभासद ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। तहसील दिवस पर कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

महमूदाबाद के मोहल्ला कटरा निवासी रहीशा पत्नी स्वर्गीय मजीद ने अपर जिलाधिकारी नीतीश सिंह से कहा कि उसके घर में कोई कमाने वाला नहीं है। पक्के मकान के अभाव में उसके छोटे बच्चे बारिश के दिनों में भीगने को मजबूर हैं, वहीं भीषण गर्मी और धूप के कारण अक्सर बीमार रहते हैं।



तहसील महमूदाबाद में शिकायत सुनते एडीएम नीतीश सिंह। अमृत विचार

### नगर पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ भाजपा सभासद व सभासद संघ के अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पाण्डेय ने मोर्चा खोल दिया है। शिकायती पत्र में सभासद ने आरोप लगाया कि अधिशाषी अधिकारी ईओ जनहित के कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं और कार्यालय आने पर कोई न कोई बहाना बनाकर चले जाते हैं, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पालिका में तैनात लिपिक राम नरेश अपनी मनमानी कर रहे हैं और बिना दाखिल-खारिज के निर्माण कार्य करवा रहे हैं, जिससे राजस्व की हानि हो रही है।



समस्याओं का निस्तारण करतीं उपजिलाधिकारी लहरपुर।

### एसडीएम और सीओ की अध्यक्षता में सुनी गईं 92 शिकायतें, 11 का निस्तारण

**लहरपुर/सीतापुर।** उपजिलाधिकारी सीमा सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए गुहार लगाई है। कार्यक्रम के दौरान कुल 92 शिकायतकर्ताओं ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निस्तारण कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए उन्हें समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से निस्तारित करने के सख्त निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार व रजनीश शुक्ला, अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार राय, नायब तहसीलदार अशोक यादव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई तथा वन दरोगा अरविंद गिरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए 368 मामले, 47 का मौके पर निस्तारण

**सीतापुर।** जनपद की सभी सात तहसीलों में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर से कुल 368 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 47 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। लहरपुर में सर्वाधिक 92 शिकायतों में से 11 का निस्तारण हुआ। महमूदाबाद में 82 में से 08, सिधौली में 56 में से 11, सदर में 44 में से 06, महोली में 37 में से 02, मिश्रिख में 31 में से 03 तथा बिसवां तहसील में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### तालाब और सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग

**सिधौली।** ग्राम धरावां निवासी राजेश कुमार पुत्र राम प्रसाद ने बताया कि बस्ती को जाने वाले मुख्य मार्ग पर कृषि यंत्र आदि रखकर रास्ता अवरुद्ध किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। इसके अतिरिक्त, ग्राम धरावां की खतौनी में गाटा संख्या 381/0.152 हेक्टेयर तालाब के रूप में अंकित है। आरोप है कि इस तालाब पर भी कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिससे गांव में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है।

### जंगल की भूमि पर खेती व मिट्टी बेचने का आरोप कार्रवाई की मांग

तहसील सिधौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस ग्राम तुलसीपुर मजरा सीतारसोई निवासी विनोद कुमार पुत्र श्रीराम ने प्रभारी अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि गांव में भूमि सरकारी अभिलेखों में 'जंगल' के रूप में दर्ज है, परंतु विपक्षीगण इस पर अवैध रूप से खेती कर रहे हैं और वर्तमान में वहां गन्ना बो दिया गया है।

### घर संसाधनविहीन फिर भी थमा दिया एक लाख का बिल

**सिधौली।** गांव में ढंग का घर नहीं, विद्युत उपकरण के नाम पर महज पंखा और चंद बल्ब हैं। बावजूद 15 माह में एक लाख रुपये का बिल थमाया जा चुका है। अटरिया इलाके के जयरामनगर मजरा गंधौली निवासी राजरानी व उसके परिवार ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। इनका दावा है कि विद्युत विभाग ने लापरवाही से उसका 15 माह का विद्युत बिल एक लाख का बना दिया है जबकि निर्धन होने के कारण उसके घर अधिक विद्युत खपत वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी नहीं लगे हैं।



तहसील दिवस पर शिकायत करता बुजुर्ग।

# जनहित के लिए रानी कोठी को खाली करने का अंतिम आदेश

सीतापुर कार्यालय।



रानी कोठी संपत्ति पर नोटिस चस्पा करते कर्मचारी।

- डीएम ने दिए 15 दिन में कब्जा लेने के आदेश

**अमृत विचार:** जनपद की प्राइम लोकेशन मोहल्ला बट्सगंज स्थित ऐतिहासिक 'रानी कोठी' (नजूल भूखंड 1568) अब जल्द ही अवैध कब्जे से मुक्त होगी। जिलाधिकारी राजा गणपति आर. ने एक कड़ा फैसला सुनाते हुए कब्जेदारों की सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया।

डीएम ने नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली कराने का निर्देश दिया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर पुलिस बल का प्रयोग करें और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराएं।

**1936 में ही खत्म हो गया था पट्टा :** प्रशासनिक जांच में सामने आया कि कोठी का मूल पट्टा कुंवर निहाल सिंह को बाग के लिए दिया गया था, जो 1936 में ही समाप्त हो चुका था। इसके बाद न पट्टा रिन्यू हुआ और न ही प्रशासन से अनुमति ली गई। दिल्ली हाईकोर्ट के प्रोबेट और पुरानी वसीयतों के दावों को कोर्ट ने मालिकाना हक के लिए अपर्याप्त मानते हुए खारिज कर दिया।

#### जनहित में होगा उपयोग

शहर के बीचों-बीच स्थित इस बेशकीमती जमीन का उपयोग अब जनहित में किया जाएगा। खाली होने के बाद यहां वृद्धाश्रम और अन्य जनोपयोगी परियोजनाओं का निर्माण प्रस्तावित है।

### तीन दिन से लापता बच्चे का पानी भरे गड्ढे में मिला शव

**संवाददाता, सिधौली/सीतापुर।** कस्बे के मोहल्ला संतनगर पश्चिमी में शनिवार शाम एक 11 वर्षीय बच्चे का शव मैदान में भरे बारिश के पानी में मिलने से कोहराम मच गया। मृतक की पहचान घुमंतू जाति के अनिल के पुत्र विपिन के रूप में हुई है। विपिन पिछले तीन दिनों से लापता था, जिसकी तलाश परिजन और पुलिस कर रहे थे। शाम सड़क किनारे भरे पानी में उसका सिर दिखाई देने पर लोगों ने पिता को सूचित किया। अपराध निरीक्षक संतोष उपाध्याय ने शव को कब्जे में लिया। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्चे की मौत डूबने से हुई प्रतीत हो रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट होगी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**लहरपुर/सीतापुर।** लहरपुर-तंबौर मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस की वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव लेकर चुपचाप चले गए। तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपेई पुरवा मजरा सहिजर कलां निवासी देवरानी (40) पत्नी शिव सागर अपने पुत्र गनेश के साथ बाइक से जा रही थीं। रास्ते में बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका अपने पुत्र गनेश के साथ रमुवापुर गांव स्थित ननिहाल आई थी। गनेश की दो दिन पहले ही शादी हुई थी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही परिजन बिना किसी सूचना के शव लेकर जा चुके थे।



बैठक में उपस्थित दिव्यांगजन। अमृत विचार

### दिव्यांगों और महिलाओं के मुद्दों पर गरजा मंच

**संवाददाता, खैराबाद। सीतापुर** तहसील सदर क्षेत्र के विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक इस बार तीखे तेवरों के साथ संपन्न हुई। बैठक में शामिल दिव्यांगजन और निराश्रित महिलाओं ने व्यवस्था के खिलाफ खुलकर आक्रोश जताया और अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल में दिव्यांगों के लिए बने पर्चा व दवा काउंटर बंद होने पर कड़ा विरोध जताया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजयपाल की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना को लेकर नाराजगी जताई गई। बैठक में मो. नदीम, जसीम, राजू अंसारी, गुड़िया, जमीला, जाहिद, रिंकी देवी, चांदनी देवी, गुड्डू, कौशल किशोर, शिवकुमार, जयदेवी, अली हसन, रामचंद्र, शैलेंद्र सिंह, मोमिना सहित सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन व महिलाएं मौजूद रहीं।

### ट्यूशन टीचर ने बच्ची से दुष्कर्म का किया प्रयास, केस

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** शहर कोतवाली इलाके में शुक्रवार देर रात एक ट्यूशन शिक्षक द्वारा सात साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार का प्रयास हुआ। बढ़ते हंगामे के बीच शिक्षक की पिटाई हुई, बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज हो गया है। प्राइवेट शिक्षक संतोष श्रीवास्तव कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक परिवार के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करता था। शाम जब घर के सदस्य बाजार गए थे, तब आरोपी ने चालाकी से बच्ची के दोनों भाइयों को एक कमरे में बंद कर दिया और मासूम बच्ची को दूसरे कमरे में ले जाकर उसके साथ जोर-जबरदस्ती का प्रयास करने लगा। कमरे में बंद भाइयों ने फोन के जरिए अपनी मां को शिक्षक की करतूत और खुद के बंद होने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे और आरोपी शिक्षक को मौके पर ही दबोच लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ सिटी कपूर कुमार का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है, विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 81 लाख में चमकेगी जड़ौना-कुटी सड़क

**हरगांव।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जड़ौना की राह आसान होने जा रही है। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने जड़ौना से कुटी मार्ग के लिए सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। निर्माण कार्य के लिए 81 लाख 15 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के अभियंता अभिषेक वर्मा के मुताबिक, सड़क निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग चतुर्थ द्वारा कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लालता प्रसाद वर्मा, शंकर दयाल और हरगांव के मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



भूमि पूजन करते कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही।

### बाग में लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**महमूदाबाद/सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बहरौली में एक युवक का शव बाग में पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का बहरौली निवासी महेंद्र कुमार पुत्र जयकरन सिंह वर्मा शाम घर से शौच के लिए निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव बाग में लटकता हुआ देखा। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे की हत्या कर शव लटकाया गया है। उन्होंने बताया कि विपक्षी दल से उनका पुराना विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत थाने में भी की गई थी। पीड़िता के अनुसार, पहली मई को पुलिस गांव आई थी और दोनों पक्षों को थाने बुलाया था, लेकिन उससे पहले ही यह घटना घट गई।

### व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद

**लहरपुर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शहर की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने पर बल दिया गया। कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को हाई-मेगापिक्सेल कैमरों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा व्यावसायिक और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट स्थापित करने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर महामंत्री हरीश रस्तोगी, शीलू शुक्ला, हाशिम अंसारी सहित विशाल कपूर, निहाल कुरैशी, मोहम्मद रेहान और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# चलती बाइक पर पूर्व प्रधान को पेट्रोल डाल जलाने का प्रयास

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में शाम एक सिरफिरे युवक ने रहीमाबाद के पूर्व प्रधान हसीब खान को चलती बाइक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। आग की लपटों से घिरे पूर्व प्रधान ने कीचड़ में कूदकर अपनी जान बचाई।

रहीमाबाद निवासी पूर्व प्रधान हसीब खान शनिवार शाम खैराबाद ब्लॉक से शहर की ओर जा रहे थे। रास्ते में वैदेही वाटिका के पास बाइक पर पीछे बैठे धर्मेंद्र नामक युवक ने उन पर अचानक पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग लगते ही हसीब खान ने पास ही भरे कीचड़ में छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। हेलमेट पहने होने के कारण उनका चेहरा सुरक्षित रहा, हालांकि शरीर का पिछला हिस्सा काफी झुलस गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी धर्मेंद्र अपने लापता भाई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहता था। प्रमाण पत्र न बनने से नाराज होकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। सीओ सिटी कपूर कुमार का कहना है कि पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल का उपचार अस्पताल में जारी है।

# छह अस्पतालों की जांच, एक सील

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नगर के अवैध व मानकविहीन अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान छह अस्पतालों की जांच की गई, जिसमें से एक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

तहसीलदार मनीष त्रिपाठी और सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान सीतापुर मार्ग स्थित मर्सी हॉस्पिटल में आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर उसे सील कर दिया गया। वहीं, एपेक्स हॉस्पिटल में गंदगी और डॉक्टर की अनुपस्थिति पर टीम ने कड़ी नाराजगी जताई, लाइफ लाइन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के मरीज तो मिले, लेकिन मौके पर कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था. स्वालो हॉस्पिटल के संचालक फार्मेसी का रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सके। निरीक्षण के दौरान न्यू आसरा हॉस्पिटल और होप हॉस्पिटल बंद पाए गए। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि स्वालो, एपेक्स और लाइफ लाइन हॉस्पिटल को दो कार्य दिवस के भीतर सभी जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



एक अस्पताल पर कार्रवाई करते स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

- जांच के दौरान 6 अस्पतालों में मिलीं खामियां, संचालकों में मचा हड़कंप

# नशे में धुत बाइक सवारों ने बच्ची को मारी टक्कर

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।

- घर के बाहर खड़ी थी सात वर्षीया बालिका, हालत गंभीर होने पर लखनऊ की गयी रेफर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की काजीकमालपुर चौकी के पास देर शाम नशे में धुत बाइक सवारों ने सड़क किनारे खड़ी एक सात वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

काजीकमालपुर निवासी संदीप शुक्ला की पुत्री आर्या शुक्ला (7) अपने घर के बाहर खड़ी थी। तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। आनन-फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर हरगांव के जय विजय और हरीश सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेते हुए विधिक कार्रवाई की है।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

### सतलोक आश्रम में दूसरे दिन 19 जोड़े बंधे दहेज मुक्त विवाह के बंधन में, 65 यूनिट हुआ रक्त संचय

**महोली/सीतापुर।** सतलोक आश्रम महोली में चल रहे तीन दिवसीय विश्व शांति महा समागम के दूसरे दिन सामाजिक सेवा और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। संत रामपाल जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक 65 यूनिट रक्तदान किया। इसी के साथ सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए 19 दहेज मुक्त 'रमैनी' विवाह सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराए गए। समागम के दौरान सत्संग और विशाल भंडारे का प्रवाह चलता रहा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, नशा, भ्रष्टाचार और भेदभाव जैसी बुराइयों को जड़ से समाप्त करने का सशक्त संदेश दिया गया।

# विधानसभा में गूंजेगी जिले के मेधावियों की आवाज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- विकसित भारत युवा संसद के लिए जिले के पांच विजेताओं का चयन

**अमृत विचार:** विकसित भारत 2047 के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में जनपद के पांच मेधावियों को विधानसभा सदन में भाषण देने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त होगा।

लखनऊ स्थित विधान भवन में रविवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के शीर्ष पांच विजेताओं को आमंत्रित किया गया है। जनपद सीतापुर से इस सूची में अमन कुमार त्रिपाठी (प्रथम), सक्षम श्रीवास्तव (द्वितीय), फारोजा अकमर (तृतीय), इला मिश्रा (चतुर्थ) और भूमिका सिंह (पंचम) शामिल हैं। विशेष बात यह है कि विधान भवन के इस गरिमामयी कार्यक्रम का संचालन भी सीतापुर के सिधौली की मृणाली दीक्षित द्वारा किया जाएगा।



फारोजा



अमन कुमार

### इनरव्हील क्लब ने महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



सम्मानित किये गए सफाईकर्मियों के साथ संस्था के पदाधिकारी।

**बिसवां/सीतापुर।** इनरव्हील क्लब उड़ान बिसवां द्वारा समाज सेवा और समरसता का संदेश देते हुए महिला सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने सफाई कर्मियों के साथ बैठकर चाय-नाश्ता किया और उनके योगदान की सराहना की। समारोह में महिला सफाई कर्मचारियों को साड़ी, टिफिन और लड्डू भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्षा सीमा रस्तोगी, कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा के अलावा सुनीता गुप्ता, आरती मौर्या, शिखा वैश्य सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### बकाया मजदूरी को लेकर ब्लॉक में मजदूरों का हंगामा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** विकास खंड मछरेहटा परिसर में संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले मजदूरों ने बकाया मजदूरी को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि मनरेगा के तहत किए गए कार्यों का लगभग 100 दिनों का भुगतान अब तक नहीं मिला है, जिससे उनके सामने परिवार पालने का संकट खड़ा हो गया है। नाराज मजदूरों ने ब्लॉक परिसर में जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों के न आने से मजदूरों में जिला प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर परिसर में मारपीट का वीडियो वायरल, आक्रोश

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार :** बछरावां कोतवाली क्षेत्र के रामपुर सुदौली गांव स्थित भवरेश्वर मंदिर में मारपीट की एक घटना का वीडियो शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दो पक्ष लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय भक्तों का कहना है कि यह मंदिर आस्था का केंद्र है, ऐसे में परिसर में लगातार हो रही हिंसा चिंताजनक है और इससे धार्मिक माहौल प्रभावित हो रहा है। श्रद्धालु हरिओम चतुर्वेदी, राजन, अभिषेक और राहुल ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में वर्चस्व को लेकर विवाद और मारपीट होती रहती है, जिससे कई बार आम श्रद्धालु घायल हो जाते हैं। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### गोली मारने का आरोप, शिकायत

**लालगंज, अमृत विचार :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के झाबर हरदो पट्टी निवासी अमरेंद्र सिंह पुत्र संत बक्स सिंह पुलिस से शिकायत की है। उसका आरोप है कि गांव के रणंजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने रंजिशन गोली मारकर उसे घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि गोली अमरेंद्र सिंह के हाथ की उंगली में लगी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अमरेंद्र सिंह का मेडिकल करा कर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**सलोन, अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर प्रदेश में लागू की गई स्मार्ट मीटर व्यवस्था को वापस लेने की मांग की। सलोन में कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बिजली घर से सलोन तहसील पहुंचे। कांग्रेसियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और उन्हें महंगाई की दोहरी मार से जूझना पड़ रहा है। इस मौके पर कांग्रेसियों ने एसडीएम चंद्र प्रकाश को ज्ञापन सौपा। अर्जुन पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है।

### आत्मज्ञान के मार्ग पर चलना सिखाती है श्रीमद्भागवत कथा

**रायबरेली :** परशदेपुर के ओंकारेश्वर महादेव धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को आचार्य बद्री विशाल ओझा ने कहा कि असली अमृत सत्संग में मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें भक्ति, आत्मज्ञान और सेवा के मार्ग पर चलना सिखाती है, जिससे जीवन सफल होता है। उन्होंने कहा कि भाग्योदय तब मिलता है जब सत्संग की प्राप्ति होती है। सत्संग मानसिक शांति, अनुशासन और आत्मज्ञान प्रदान करता है। अंत में मुख्य यजमान डॉ. वासुदेव पांडेय, ममता पांडेय एवं उनके परिजनों ने विधि-विधान से आरती की। इस अवसर पर राजकुमार पांडेय, विजय पांडेय, लल्लन पांडेय, देव शरण कछवाह, रमेश कौशल, सूरज कौशल, विजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।



आचार्य बद्री विशाल ओझा।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, गांव में सनसनी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पहरा खेड़ा गांव में शनिवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सुबह गांव के बाहर स्थित पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान 42 वर्षीय मनोज कुमार प्रजापति के रूप में हुई है, जो गांव का ही निवासी था। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरचंदपुर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

# व्यावसायिक गैस सिलेंडर के बढ़े दाम से कारोबारी हताश

संवाददाता, रायबरेली

**महंगाई की मार**

- शहर से लेकर कस्बों तक में छोटे व्यापारियों की टूटी कमर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की ओर से व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने छोटे और मध्यम व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और चाय-नाश्ते की दुकानों पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।

दाम बढ़ने के बाद हाल यह है कि छोटे दुकानदार अब दूसरा रोजगार तक तलाशने लगे हैं। लागत बढ़ने से व्यापारियों के सामने या तो दाम बढ़ाने या मुनाफा कम करने की मजबूरी खड़ी हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही महंगाई और ग्राहकों की घटती संख्या से कारोबार प्रभावित था, ऐसे में सिलेंडर महंगा होना एक और बड़ा झटका है। इससे सड़क के किनारे दुकाने लगाकर परिवार चलाने वालों की मुश्किलें बढ़नी तय है। गैस के दाम बढ़ने के बाद महंगाई बढ़ना लाजिम है।

### लोगों ने बयां किया दर्द

इस संबंध में विनय द्विवेदी, कांग्रेस नेता का कहना है कि गैस का दाम बढ़ाना कतई जनोपयोगी नहीं है। इससे महंगाई और बढ़ेगी। इसका असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। वर्तमान सरकार जनता को महंगाई के आग में झोक रही है। आने वाले चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। वहीं धर्मेंद्र बहादुर यादव, ब्लाक प्रमुख राही ने बताया कि आम जनता पर बहुत बड़ा कुठाराघात है। पहली बार इतनी अधिक दाम बढ़ाया गया है। इसका प्रभाव आमजनमानस पर पड़ेगा। कामर्सियल सिलेंडर के दाम वृद्धि से महंगाई बढ़ना तय है। मैं सरकार के इस निर्णय की निंदा करता हूं।

उधर, दुर्गा प्रसाद, गुप्ता स्वीट्स संचालक ने कहा कि हर महीने सिलेंडर के दाम बढ़ रहे हैं। अब खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। अगर यही हाल रहा तो खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाने पड़ेंगे। इस क्रम में विष्णु, चाय दुकानदार का कहना है कि ग्राहक पहले ही कम हैं, ऊपर से गैस महंगी हो गई। मजबूरी में या तो क्वालिटी कम करें या दाम बढ़ाएं, दोनों ही स्थिति ठीक नहीं है।



विनय द्विवेदी।



धर्मेंद्र बहादुर यादव।



दुर्गा प्रसाद।



विष्णु।

# समाधान दिवस: 55 में से 15 शिकायतें निस्तारित

**जिलाधिकारी ने शेष मामलों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए संबंधितों को दिए निर्देश**

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन तहसील सभागार में डीएम सरनीत कौर ब्रोका व एसपी रवि कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्या सुनी। तहसील दिवस में कुल 55 शिकायतें आई, जिनमें से 15 मामलों का निस्तारण कराया गया। डीएम ने शेष मामलों को समयबद्ध तरीके से संबंधित विभागों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

नगर पंचायत परशदेपुर मोहल्ला अंसार चौक निवासी फरमान अहमद ने डीएम से शिकायत की है कि विपक्षी आफताब, सरताज, मोहम्मद सलमान, सेबू आदि के द्वारा घर वालो को बंधक बनाकर उसके मकान पर कब्जा कर रखा है। आरोप लगाया कि थाने और चौकी के चक्कर लगाकर थक चुका है। प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए डीएम ने जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हरपुरहल्ला निवासी पुष्पा देवी पत्नी लालमणि ने डीएम को बताया कि उसने आंगनबाड़ी बड़ी परहरी में रिक्त सहायक पद हेतु आवेदन किया था। आरोप लगाया है कि सीडीपीओ ने नियुक्ति के लिए उससे रुपयों की डिमांड की है। डीएम ने प्रकरण में जांच के निर्देश दिए हैं। नुरूद्दीनपुर निवासी शकुंतला देवी ने आरोप लगाया है कि उसके जमीन का बटवारा एसडीएम सलोन के यहां हो चुका है। इसके बावजूद विपक्षी विनोद कुमार 112 नम्बर पुलिस बुलाकर उसे परेशान करवाते हैं। अतरथरिया निवासी तारा पाल ने एसपी रवि कुमार को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि 30 मार्च को अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी सोनू मनीष आदि ने उस पर और उसकी बहन निशा पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मौके पर एसडीएम चन्द्र प्रकाश गौतम, सीओ यादवेन्द्र बहादुर पाल, तहसीलदार दीपिका सिंह, कोतवाल बालेंदु गौतम आदि लोग मौजुद रहे।

**समाधान दिवस में वीडियो गेम खेल रहे थे अधिकारी:** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक अधिकारी के मोबाइल पर गेम खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसकी लोगों ने तरह-तरह से आलोचना की है। शनिवार को भीषण गर्मी में लोगो की शिकायतों को सुनकर एक तरफ डीएम उनका निस्तारण करा रही थी, तो वहीं बैठकर एक विभाग के अधिकारी मोबाइल पर गेम खेलने में मस्त दिखे।



सलोन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनती डीएम सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार व अन्य। अमृत विचार

### जिलाधिकारी के निर्देश पर फरियादियों के लिए मंगवाई गईं कुर्सियां और पीने का पानी

**सलोन (रायबरेली)।** अपने प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने फरियादियों के लिए कुर्सी और गर्मी में उनके लिए पीने की पानी की व्यवस्था कराकर सभी का दिल जीत लिया। दरसअल महीनों बाद संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम की मौजूदगी होने के कारण फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान गर्मी में खड़े फरियादियों को देखकर डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने तहसीलदार को तुरंत कुर्सी मंगाने के लिए निर्देशित किया। डीएम के निर्देश को अमल में लाते हुए संबंधित ने फरियादियों के लिए कुर्सी मंगवाई।

### तहसीलदार ने न्याय का दिया आश्वासन

**लालगंज।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार शिवम राठौड़ ने पीड़ितों की फरियाद सुनी। इस दौरान उन्होंने शिकायतों का निस्तारण करते हुए बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार सभी विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्वक करना है। पूरे संभर मदई खेड़ा के राजेंद्र बहादुर सिंह ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ खलिहान में अवैध कब्जे की शिकायत की। वहीं पूरे धनऊ मजरे दतौली के वीरेंद्र पुत्र राम अवतार ने अपनी पत्नी रामपती के निधन के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाए जाने की मांग की। कई किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी शिकायत दर्ज कराई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार नागर, एडीओ पंचायत प्रण वीर प्रताप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**एडीएम प्रशासन ने सुनी समस्याएं, महराजगंज:** एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह की अध्यक्षता मे तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आई कुल शिकायतों में राजस्व की 11, पुलिस की 14, विकास की 4 व अन्य की 13 शिकायतें रही। एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समय से शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए।

### अनाथ बच्ची की मदद को आगे आए कृषि विभाग के अधिकारी

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती गांव में आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने गृहस्थी उजड़ने पर कृषि विभाग में तैनात खण्ड तकनीकी प्रबंधक कृपाशंकर रावत ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अनाथ बच्ची सोनम रावत को मदद पहुंचाई। वह स्वयं सोनम से मिलने पहुंचे और उसे नई साइकिल, आर्थिक सहायता तथा आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने उसकी शादी तक मदद करने का संकल्प भी लिया। मदद मिलने पर सोनम भावुक हो उठी और उसकी आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार वह लंबे समय से टूटे-फूटे घर में रहकर संघर्ष कर रही थी और कई बार दूसरों के घरों के बाहर बैठकर पढ़ाई करती थी। अब समाज के अन्य लोग भी उसकी सहायता के लिए आगे आ रहे हैं।



युवती को साइकिल प्रदान करते कृषि विभाग के अधिकारी कृपाशंकर रावत।

### अवनीश के सिर बंधा सतांव ब्लॉक अध्यक्ष का ताज



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सतांव कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को हुआ। इसमें अवनीश सिंह एक बार फिर से ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। वहीं ब्लॉक संरक्षक महेंद्र प्रताप सिंह को मनोनीत किया गया। प्राथमिक विद्यालय दरीबा में हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक जयकरन और निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन यादव की निगरानी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। निर्वाचन व पुनर्गठन में कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र यादव, महामंत्री आशीष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष पंकज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव, संगठन मंत्री दिनेश सिंह, सह-संगठन मंत्री प्रवीण वाजपेई, उपाध्यक्ष श्वेता सिंह, मृदुला रानी, बृजेश कुमार एवं सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी अनूप यादव, सह-मीडिया प्रभारी अजय कुमार, संयुक्त महामंत्री अशोक त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री नमिता कुमारी, शुभांगिनी सिंह, प्रेमचंद यादव व धर्मेंद्र यादव को चुना गया। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि कार्यकारिणी शिक्षा एवं शिक्षक हित में बगैर किसी भय, पक्षपात, राग या द्वेष के संगठन के सदस्यों की निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह, वीरेंद्र बहादुर, शशि देवी, यादवेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, अनूप सिंह, बृजेंद्र कुमार, आनंद प्रताप सिंह, अखिलेश चौरसिया, मनोज राठौर आदि मौजूद रहे।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से कार से टकराया डंपर, चार घायल



दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कटघर गांव के पास इलाहाबाद की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक का अचानक टायर फट गया। टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित होकर सामने जा रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के चीथड़े उड़ गए। जबकि डिवाइडर तोड़कर डंपर नीचे जा गिरा। हादसे में कार सवार माता-पिता और उनका बेटा घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ बचाव में जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डलमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायल श्वेता यादव पत्नी रवीन्द्र (34), साहरस पुत्र रविन्द्र (9) निवासी किरौली जौनपुर की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना में ट्रक और कार चालकों को मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। भीषण हादसे के कारण कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा।

## एम्बुलेंस के लेटलतीफी ने युवक की छीनी जीवन की सांसे, परिजनों में आक्रोश

महराजगंज (रायबरेली)

**हादसा**

- काफी देर बाद पहुंची एम्बुलेंस पर चलाए ईंट-पत्थर, टूटा शीशा

**अमृत विचार।** इन्हौना-महराजगंज रोड पर शुक्रवार देर शाम मोन गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक 35 वर्षीय अखिलेश की मौत से गांव में कोहराम मच गया। वहीं दूसरे घायल सोनू पुत्र जवाहर (28) की भी हालत नाजुक है। रायबरेली के एक निजी चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा है।

मृतक अखिलेश के पिता रामदेव का कहना है कि एम्बुलेंस के समय पर न पहुंचने की वजह से उसके घायल बेटे को समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हुई है। उसका आरोप है कि यदि मौके पर एम्बुलेंस पहुंच जाती तो शायद आज उसका बेटा जिंदा होता। सूचना के काफी देर बाद एम्बुलेंस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने चालक से नोकझोंक भी की। बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस पर किसी ने ईंट पत्थर भी फेंके, जिससे उसका सामने का शीशा टूट गया। घटना के सम्बन्ध में एम्बुलेंस ड्राइवर प्रदीप कुमार ने रामकरन, जितेंद्र और रामविलास के खिलाफ पुलिस को तहरीर भी दी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि एम्बुलेंस ड्राइवर ने तहरीर दी है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



अखिलेश की फाइल फोटो।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां।** शनिवार को कल्याण खेड़ा हरदोईया नगराम निवासी विजय कुमार पुत्र शत्रोहन लाल (35) बाइक से बाईपास होते हुए रायबरेली की तरफ जा रहा था। तभी जाते समय रास्ते में जलालपुर गांव के निकट किसी अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घायल अवस्था में युवक को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर मार्ग पर शोभवापुर के पास सामने से आ रहे डंपर ने फतेहपुर बहन के घर जा रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में चकवापुर मजरे बेहटा कला निवासी बाइक सवार पिंटू (25) पुत्र रमेश लोनिया की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक में ही बैठे दो बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल लाडो पुत्री राकेश और अभिषेक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पिंटू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### जमानतदार पर सरेराह सरिया से हमला, गंभीर

**सलोन, अमृत विचार।** सोनबरसा गांव की जमीन विवाद में दबंगो ने घर लौट रहे जमानतदार को घेर कर जानलेवा हमला कर दिया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी ने घायल को सीएचसी सलोन पहुंचाया। शुक्रवार को ग्राम सभा सोनबरसा में दो पक्षो ने जमकर लाठी डंडे चले थे। इसमें पुलिस ने एक दर्जन लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की थी। बताया जाता है कि राजेश कुमार की पक्ष की तरफ से अनूप कुमार मौर्य जमानत लेने आया था, लेकिन प्रशासन ने दोनों पक्षों की जमानत नामंजूर करते हुए सभी को जेल भेज दिया। जमानत नामंजूर होने के बाद अनूप कुमार मौर्य बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि सलोन कस्बे के पेट्रोल पंप के समीप दूसरे पक्ष से राहुल सिंह समेत तीन लोगों ने घेर कर प्राणघातक सरिया से हमला कर दिया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

### महिलाओं के अधिकारों पर वार, कांग्रेस है जिम्मेदार




डीह क्षेत्र में पदयात्रा जन आक्रोश महिला पदयात्रा में शामिल लोग।

**डीह, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाल कर विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रैली के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। इस दौरान "महिलाओं के अधिकारों पर वार, कांग्रेस है जिम्मेदार" जैसे नारों के साथ महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पदयात्रा के माध्यम से महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाली पार्टियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने पदयात्रा के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और भागीदारी को सुनिश्चित करना समाज और देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर महामंत्री राज द्विवेदी, पूर्व प्रधान रंजीत सिंह, अंजनी मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, बिंदा दीन मौर्य, जगदीश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

### डीआईओएस को शिक्षकों ने सौंपा मांगपत्र

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रांतीय आवाहन पर डीआईओएस कार्यालय में शिक्षकों ने धरना दिया। मंडलीय मंत्री जगजीवन प्रसाद शुक्ल ने डीआईओएस संजीव कुमार सिंह के आने पर कहा कि आज का धरना-प्रदर्शन शिक्षा विभाग एवं मुख्यमंत्री को आपकी मांगों को संज्ञान में लेने के लिए विवश करेगा। उचित समय पर यह धरना आहूत किया गया है। धरने में आपकी उपस्थिति यह प्रदर्शित करती है कि आप अपनी मांगों के प्रति कितना गंभीर है। धरना प्रदर्शन का संचालन कर रहे जिला मंत्री शैलेश बाजपेई ने बताया कि छह सूत्रीय ज्ञापन में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 की वापसी, पुरानी, पेंशन की बहाली, वित्त विहीन विद्यालयों के अंशकालिक शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, वंचित तदर्थ शिक्षकों का नियमितीकरण आदि शामिल है। संगठन के संरक्षक बीके मिश्रा, राम विनोद तिवारी, धर्मराज यादव, धर्मेश नारायण दीक्षित, प्रेमचंद भारती, अनिल कुमार तिवारी, शिव कुमार अवस्थी, बृजभूषण यादव, अखिलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। धरने के अंत में गोरखपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकांत सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

**बदहाली**

**अलीपुर ग्राम सभा के नहरिया गांव में बिजली विभाग के दावे हकीकत से हैं दूर**

# 33 केवीए विद्युत लाइन पर जुगाड़ से दौड़ाई जा रही बिजली

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विद्युत व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग के दावे हकीकत से कितने दूर हैं इसकी बानगी ओसाह पावर हाउस से आपूर्ति पाने वाले अलीपुर ग्राम सभा के नहरिया गांव में देख सकते हैं। बास-बल्ली के सहारे टिकाए गए जर्जर तारों में मौत नाच रही है। आए दिन बिजली के तार टूट कर गिरते रहते हैं।

दशकों पुराने जर्जर तारों के सहारे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। लकड़ी की बल्ली के सहारे झूलते तारों से बिजली पहुंचाई गई है। छह सात फिट की ऊंचाई पर झूलते तार हर वक्त हादसे को न्योता दे रहे हैं। इससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। इस बदइंतजामी के चलते बिजली रहते हुए भी लोगों को बेहतर सुविधाएं नसीब नहीं हो रही है। ओसाह पावर हाउस से आपूर्ति पाने वाले गुरुबक्शगंज मजरे भटसरा में चार साल, कुसुढ़ी सागरपुर गांव में सुनील यादव के घर के पास, नारायनपुर मोन में नरसिंह बहादुर सिंह के घर के पास व मोन गांव निवासी शिवशंकर गोस्वामी के घर को जाने वाली लाइन पर भी एक पोल कई सालों से टूटा है। बावजूद इसके कमोबेश महराजगंज पावरहाउस के डेपारमऊ, हलोर आदि फीडरो के गांवों में कई पोल वर्षों से टूटे हुए हैं। जो आज भी बदले जाने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश लाइनों के ढीले तार व टूटे विद्युत पोल जैसे के तैसे पड़े हैं। एक्सईएन संदीप कुमार ने बताया कि टूटे पोल व लटकते तारों की मुझे जानकारी नही है। जल्द ही लाइन मरम्मत कराई जाएगी।

**क्या कहते हैं ग्रामीण:** पूर्व ग्राम प्रधान रविराज सिंह, कौशलेंद्र सिंह, इंद्र देव शुक्ला, बाबूलाल, गुरु प्रसाद, गया प्रसाद, सत्यनारायण, रामहेत, रामशरण, रतीपाल, सुरेश आदि ने बताया कि विद्युत व्यवस्था लोगों के लिए सिर दर्द बन चुकी है। कभी भी निर्वाध गति से बिजली की आपूर्ति नहीं होती। लो वोल्टेज तो आम बात हो गई है। अधिकारियों से शिकायत करने पर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोप कर वे अपने दायित्वों से पल्ला झाड़ लेते हैं।



झूलते तारों को सहारा देती बल्ली।

### बिजली कटौती के विरुद्ध शीघ्र ही होगा जन आंदोलन: वीरेंद्र यादव

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष इ .वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में हुई। ज़िलाध्यक्ष इ .वीरेन्द्र यादव ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण बिजली की अंधाधुंध कटौती एवं स्मार्ट मीटर व गैस सिलेंडर के कारण आम लोगों का जीवनयापन प्रभावित हो रहा है। इन ज्वलंत जन समस्याओं के दृष्टिगत शीघ्र ही आंदोलन कर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। विधायक हरचंदपुर राहुल लोधी ने कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार द्वारा सपा के जनप्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अधिकारी निरंकुश होकर जनहित के कार्यों की अनसुनी कर रहे हैं। प्रदेश सचिव डा .शशिकांत शर्मा ने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रदेश सरकार के राज में अधिकारी भ्रष्टाचार एवं मनमानी में लिप्त हैं एवं समाज में अराजकता का माहौल व्याप्त है। बैठक को ओपी यादव, चौ .सुरेश निर्मल, मुनेश्वर पासी, दिनेश यादव, मिश्रीलाल चौधरी, राजेंद्र यादव, सुरजीत सिंह, शुभम लोहिया, बुधेन्द्र सिंह, रामकिशोर पुजारी, आदि उपस्थित रहे।




बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष इं . वीरेंद्र यादव।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस में गूंजीं किसानों की समस्याएं

**अमेठी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। सैकड़ों शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें ज्यादातर मामले राजस्व, प्रमाण पत्र और आवास योजनाओं से जुड़े रहे। ग्राम पंचायत दरखा निवासी राम हेत पाल ने जिलाधिकारी को बताया कि वह पिछले एक वर्ष से जन्म प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, राम अचल पाल और बाबूराम कोरी ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत दरखा के सचिव और प्रधान की मिलीभगत से उनके आवास की मजदूरी का पैसा हड़प लिया गया है। उनका कहना था कि उन्हें अब तक मजदूरी की राशि उनके खाते में नहीं मिली है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मोबाइल चोरी की पीड़ित ने दी तहरीर

**अमावां (रायबरेली) :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के दूरभाष नगर कॉलोनी आईटीआई निवासी राम लखन वर्मा ने थाने में तहरीर दी है। उसका कहना है कि 24 अप्रैल की वह सब्जी मंडी में खरीदारी करने गए थे, जहां पर किसी ने उसकी जेब से मोबाइल फोन पार कर दिया। पैसा देने के दौरान मोबाइल गायब होने की उसे जानकारी हुई। मिल एरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एलआईयू इंस्पेक्टर ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में एलआईयू इंस्पेक्टर नितिन भारती द्वारा आत्महत्या के प्रयास से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। घटना कोतवाली नगर स्थित पुलिस लाइन आवास की है जहां पारिवारिक विवाद के चलते इंस्पेक्टर ने कमरे में बंद होकर पंखे से चादर के सहारे फांसी लगाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी, जो अयोध्या में कार्यरत हैं, के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। कमरे से आ रही आवाज और संदिग्ध स्थिति को देख आसपास के लोगों और परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और उन्हें नीचे उतारकर बचा लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दोनों पक्षों को समझाकर मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेजने की सलाह दी गई है। सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर पर किसी अन्य महिला से संबंध होने के आरोप भी लगे हैं।

### सहायक अध्यापक दूसरी महिला संग फरार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र में एक सहायक अध्यापक के खिलाफ पत्नी को छोड़कर दूसरी महिला संग फरार होने का मामला सामने आया है। पत्नी की शिकायत पर एसपी के निर्देश के बाद महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। बल्दीराय के ग्राम डीह निवासी निर्मला देवी ने तहरीर देकर बताया कि उनका विवाह अनंत प्रकाश से हुआ था जो प्रावि 'पूरे नेमा अरवल' में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उनके पति का व्यवहार बदल गया और वह अक्सर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। महिला के अनुसार, 17 अप्रैल को अनंत प्रकाश गांव की ही एक महिला को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गए।

# किसानों के प्रदर्शन के बीच पुलिस से हुई झड़प

## भाकियू (भानु गुट) के नेताओं ने धरने के दौरान किया हंगामा, डीएम ने त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) का धरना शनिवार को उस समय उग्र हो गया, जब किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। जिला प्रभारी अजय मिश्रा उर्फ विल्सन बाबा के नेतृत्व में किसान सुबह से ही तहसील परिसर में डटे रहे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी संजय चौहान से बताया कि बार-बार ज्ञापन देने की बावजूद उसे पर कोई कार्रवाई नहीं होती है मजबूरन आज हम किसान धरने प्रदर्शन पर बैठने को मजबूर हुए। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी संजय चौहान धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतों की जांच कर दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही समस्याओं को सुनकर



अमेठी तहसील परिसर में किसानों और पुलिस के बीच होती झड़प। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया है।

इसके बावजूद किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और जिलाधिकारी के सामने ही "जिला प्रशासन मुर्दाबाद" और "पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद" के नारे लगाते रहे। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब किसानों ने डीएम की गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी और दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई।

झड़प के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अजय मिश्रा उर्फ विल्सन बाबा और जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार समेत कई किसानों को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया गया। इसके बाद धरना स्थल पर मौजूद अन्य किसानों को भी तितर-बितर कर दिया गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान अभद्र व्यवहार किया, उनकी माइक आईडी तोड़ दी और लाउडस्पीकर व ई-रिक्शा को जब्त कर थाने ले गई। इस कार्रवाई से किसानों में भारी आक्रोश है और उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान



प्रदर्शन कर रहे किसानों से वार्ता करते डीएम। अमृत विचार

### पुलिस से हुई झड़प में चार लोग जेल भेजे गए

**अमेठी, अमृत विचार।** तहसील दिवस के दौरान हुए प्रदर्शन में झड़प के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को हिरासत में लिया और बाद में उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से चार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र, पारस, राजकुमार, सूरजदीन और जिला प्रभारी अजय मिश्र उर्फ बिलसन बाबा को गिरफ्तार किया गया था। वहीं थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के दौरान जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ मिश्र की संलिप्तता नहीं पाई गई, जिसके चलते उन्हें छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आगे भी सख्त कार्रवाई करती रहेगी। कहा कि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता, किसान नेता राजेंद्र कुमार पांडे अशोक कुमार राजकिशोर वर्मा सूरजदीन सहित तमाम किसान नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# न्यायालय के आदेश पर दलित उत्पीड़न व ठगी का केस दर्ज

सिंहपुर (अमेठी)

- आरोपी ने समूह की महिलाओं से ठगे लाखों रुपये

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पेडरिया निवासिनी दलित महिला ने थाने द्वारा मुकदमा दर्ज न करने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अदालत के आदेश पर शिवरतनगंज पुलिस ने तीन लोगों पर दलित उत्पीड़न व ठगी का केस दर्ज किया है। पेडरिया निवासिनी सुनीता ने बताया कि वह बंधन बैंक मे समूह सदस्य के रूप में कार्य करती है। जबकि गिरीश चंद्र दीक्षित गांव में बिना किसी वैद्य डिग्री के चिकित्सक का काम करता है।

सुनीता ने आरोप लगया कि जरूरत पड़ने ऋण लेकर किश्तों में ऋण की अदायगी करती है। समूह की अन्य महिलाओं शीलादेवी, रीता, रामनरायन, अनीता, रामबरन, प्रेमादेवी, रामदेवी आदि को गिरीश चंद्र दीक्षित द्वारा यह आश्वासन दिया गया वह उक्त बैंक में कार्य करता है। जिस कारण उन्हे बैंक जाने की आवश्यकता नहीं है। वह उन लोगों का ऋण का पैसा जमा कर देगा, इसी विश्वास के साथ सभी महिलाओं द्वारा गिरीश चंद्र दीक्षित को बराबर ऋण का पैसा बैंक में जमा करने को दिया जाता रहा। किन्तु उसने महिलाओं का पैसा बैंक मे जमा नहीं किया। जब पीड़ित महिलाओं ने गिरीश चंद्र दीक्षित जमा किए गए पैसों की रसीद मांगी तो वह टाल-मटोल करने लगा। इस पर शक होने पर सभी महिलाओं ने बैंक जाकर जानकारी की तो पता चला कि कोई भी पैसा आदि बैंक में नहीं जमा किया गया। इसके बाद 14 जून 2025 को जब वह गांव आया तो जब पैसों के जमा के बाबत जानकारी लेनी चाही गई तो उसने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली-गलौज किया। इस मामले की सूचना थाने में देने पर थाना पुलिस ने विपक्षी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत न कर उसको थाने बुलाया गया, जिस पर गिरीश चंद्र दीक्षित ने महिलाओं का पैसा लेने की बात स्वीकार की और उक्त पैसा जल्द ही वापस करने की बात कही। इसके बाद बीती 3 फ़रवरी को बाजार जाते समय रास्ते में सुनीता विपक्षी से पैसों लौटाने की बात कही तो गिरीश चंद्र दीक्षित ने अपने दोनों पुत्रो रजनीश व प्रियांशु के साथ मिलकर बीच सड़क पर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि गिरीश चंद्र ने मुझसे डेढ़ लाख रुपये व समूह की अन्य महिलाओं से लगभग 7 से 8 लाख रुपये बैंक में जमा करने के नाम पर ठग लिए हैं। इसके बाद जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो हम सभी पीड़ित महिलाओं ने एकजुट होकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस संबंध में कोर्ट ने क्षेत्रीय पुलिस को दलित उत्पीड़न व ठगी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसी मामले में एसओ दया शंकर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर गिरीश चंद्र दीक्षित समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पिकअप को टक्कर मारने के बाद कंटेनर पलटा, लकड़ी बरामद

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रानीगंज-शुकुल बाजार मार्ग पर शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर सड़क किनारे जाकर पेड़ से टकराया और पलट गया।

जानकारी के मुताबिक हादसा पूरे रग्घू शुक्ल के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर चालक, देवेश कुमार यादव निवासी सम्भल, नशे की हालत में वाहन चला रहा था, जिसके चलते उसने नियंत्रण खो दिया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और दोनों क्षतिग्रस्त



सड़क किनारे पलटा कंटेनर।

वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया।पिकअप में सवार बब्लू 32 वर्ष निवासी भिटरिया जनपद बाराबंकी को मामूली चोट आई जहां सीएचसी शुकुल बाजार में इलाज के बाद वापस लौट गए हादसे के बाद कंटेनर में आम और गूलर की लकड़ियां बिना वैध अनुमति के लदी मिलीं। वहीं थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि चालक नशे में था, जिससे प्रथम दृष्टया दुर्घटना हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित ट्राला की टक्टर से युवक की मौत

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे हरिवंश गिरजा मोड़ निवासी पंकज उपाध्याय के रूप हुई। वह बाइक से जगदीशपुर जा रहे थे, तभी रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर मंगौली के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्राला ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन लेकर फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन पूरे शोहरत रेलवे क्रॉसिंग बंद मिलने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि ट्राला को कब्जे में लेकर मामला दर्ज

- रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पंकज उपाध्याय की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। पिता सत्य प्रकाश, मां सरोज देवी और पत्नी मंजेश उपाध्याय का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके 15 वर्षीय बेटे हर्षित और 7 साल के जुड़वां बच्चे गोलू और तन्नू भी गहरे सदमे में हैं। बता दें कि घटना के समय पंकज ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन हादसा इतना भीषण था कि उनकी जान नहीं बच सकी। यह घटना सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे और भीषण हादसों को एक बार फिर उजागर करती है।

### ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के हड़गड़वा चांदपुर मोड़ के निकट एक सड़क हादसे में ट्रक की जोरदार टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से आनन फानन में घायल को तत्काल स्थानीय सीएचसी मुसाफिरखाना पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार संजय कुमार पुत्र रामकेवल उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी पूरे विश्रामराय मजरे रंजीतपुर के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि संजय कुमार ई-रिक्शा चला रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई।



संजय कुमार की फाइल फोटो।

### मंदिर स्थापना पर निकाली गई शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव में शनिदेव महाराज और शीतला माता मंदिर स्थापना पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम सभा के विभिन्न मंदिरों से भ्रमण करते हुए प्रारंभ स्थान पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। साथ ही साथ शोभायात्रा में जय शनि देव महाराज, जय शीतला माता के नारे गुंजायमान रहे। विदित हो की मंदिर स्थापना का यह कार्यक्रम बीते शुक्रवार से वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ आचार्य हरेराम शास्त्री के सानिध्य में प्रारंभ हुआ है। रविवार को संत समागम और भंडारा होगा।

### छात्रों को अग्नि सुरक्षा का पढ़ाया गया पाठ



छात्रों को जागरूक करते लोग। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के पुरासी गांव स्थित गुरुकुल महाविद्यालय में महराजगंज फायर ब्रिगेड टीम ने अग्नि शमन सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। अग्नि शमन केंद्र के आर के तिवारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए फायर डेमो, सुरक्षा के तरीकों से छात्रों को जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक पूजा मिश्रा, प्रधानाचार्य बेबी सिंह, अमित पाण्डेय, महेश प्रताप, शक्ति श्रीवास्तव, हरिनाम वर्मा, सुरेंद्र कुमार आदि शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# जनता की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था, लगातार बढ़ती महंगाई और आम जनता की समस्याओं को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है और लोग परेशान हैं।

कानून व्यवस्था पर गंभीर आरोप बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि प्रदेश में पुलिस प्रशासन निरंकुश हो चुका है। आम नागरिकों





बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव। अमृत विचार

- सपा की बैठक में महंगाई और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा गया निशाना

को बेवजह प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बढ़ती महंगाई पर भी सरकार को घेरा। राम उदित यादव ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी आम जनता के साथ अन्याय है। बैठक में जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा एडवोकेट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महीनों से बंद पड़े इफको कृषक सेवाकेंद्र से बढ़ी मुसीबत

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर स्थित ब्लॉक मुख्यालय के पास बने इफको कृषक सेवाकेंद्र पर पिछले कई महीनों से ताला लटका हुआ है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक बीते नवंबर माह के बाद से केंद्र अब तक नहीं खुला है, जिसके चलते किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहे हैं।इस समय जायद की फसल, धान की नर्सरी तथा हरे चारे के लिए किसानों को उर्वरक की सख्त जरूरत होती है, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। मजबूरन किसान खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।कृषि अधिकारी संग्रामपुर चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि केंद्र का प्रभार चमनलाल के पास है, लेकिन वे केंद्र संचालन नहीं करना चाहते। ऐसे में किसानों को गोरखापुर और करौदी की सहकारी समितियों से खाद लेने की सलाह दी गई है।हालांकि, जब इन समितियों पर जानकारी की गई तो पता चला कि वर्तमान में गेहूं खरीद कार्य चलने के कारण अन्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। वहीं गोरखापुर सहकारी समिति से यह जानकारी मिली कि खाद केवल उन्हीं किसानों को दी जाएगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूरी है।

### डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण



गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका।

**डीह (रायबरेली), अमृत विचार।** क्षेत्र में खुले सरकारी गेहूं क्रय केन्द्र पर किसानों को धान विक्रय में सुविधाओं की जानकारी को परखने के लिए जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने औचक निरीक्षक किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को सुंदरगंज स्थित पीसीएफ गेहूं खरीद केंद्र का जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा औचक निरीक्षक किया गया। इस दौरान डीएम ने केंद्र पर मौजूद जिला विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता व केंद्र प्रभारी व मार्केटिंग इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह की मौजूदगी में केंद्र पर मौजूद किसानों से केंद्र पर गेहूं विक्रय के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा है कि गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस अवसर पर पीसीएफ जिला प्रबंधक व मंडल प्रभारी अंकुर कंचन, एडीओसी अतुल श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश, केंद्र प्रभारी आशुतोष सिंह, बीर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

आयोजन | सभापति मृत्युंजय सिंह व प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह बोले- कठिन परिश्रम का परिणाम है सफलता

# प्रबंधन ने समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज सलोन में शनिवार को बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के 46 मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंध समिति के सभापति मृत्युंजय सिंह और प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने फूल माला और मैडल पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, टिफिन और मिठाई देकर सम्मानित किया।

इस दौरान सभापति मृत्युंजय सिंह, प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता कठिन परिश्रम, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के प्रोत्साहन का सुखद परिणाम है। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने सभी बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम में इंटर की अंशी, मानवी सिंह, अनुभवी सिंह, शगुन, ऋषभ सोनी, स्वाति जायसवाल, युवराज पटेल, अमन, महिमा देवी, प्रांजलि, संध्या, सोनिका, शिफा बानो, और हाई स्कूल के श्रेयांश साहू, रवि यादव आदि को सम्मानित किया गया।



सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए मेधावी, मौजूद शिक्षक।





शतरंज प्रतियोगिता में विजेता आभास कुमार श्रीवास्तव और आभ्या श्रीवास्तव।

**शतरंज में भाई-बहन ने बढ़ाया जिले का गौरव, रायबरेली:** उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं सीतापुर शिक्षा संस्थान द्वारा फ़िडे द्वारा मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले में वरिष्ठ कोषाधिकारी के पद पर तैनात डॉ. भावना श्रीवास्तव ने बेटे आभास कुमार श्रीवास्तव और बेटी आभ्या श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में आभास कुमार श्रीवास्तव ने अंडर- 19 श्रेणी में अपनी रणनीतिक क्षमता एवं खेल कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर -17 में चौथा स्थान हासिल किया है। अंडर -9 बालिका वर्ग आभ्या श्रीवास्तव ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। दोनों भाई बहनों ने अपने कुशल प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार का बल्कि समुचित जिले का मान बढ़ाया है।

### मीर हॉस्पिटल में गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देने का आरोप

**जायस (अमेठी) अमृत विचार।** मीर हॉस्पिटल जायस में गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार दुबे, निवासी बदलापुर बिठुआकला, जिला जौनपुर ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाया है कि उन्होंने अल्ट्रासाउंड कराया था, लेकिन रिपोर्ट गलत दी गई। इससे उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानी हुई। अभिषेक कुमार दुबे ने आईजी आरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं और दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। वहीं सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जांच के लिए दो टीम गठित की गई है जो पूरे मामले की पड़ताल करेगी।

